हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कन्या दिवस के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समाज कार्य विभाग, उन्नत भारत अभियान एवम इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वविधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति महोदय प्रो. सत प्रकाश बंसल जी द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ सुरज मोहनी, (सहायक प्राध्यापिका जीसीडब्ल्यू ,जम्मू) रहीं। वहीं अन्य वक्ताओं में डॉ विश्व रक्षा, निदेशक महिला अध्ययन जम्मू विश्व विद्यालय, डॉ सरनजीत कौर जम्मू विश्व विद्यालय, प्रो.आशुतोष प्रधान हि. प्र.के.विवि. ,सहायक प्राध्यापिका डॉ श्वेता शर्मा हि. प्र.के.विवि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन डॉ शशि पूनम विभागाध्यक्षा, समाज कार्य विभाग हि. प्र.के.विवि एवम संचालन संकिता शर्मा द्वारा किया गया।